ROLL NO.

डी.ए.वी.बी.आर.पब्लिक स्कूल, बीना

नमूना प्रश्नपत्र (2024-25)

कक्षा: सातवीं | **विषय:नैतिक शिक्षा**

समय सीमा :-2 घंटे | **पूर्णांक: -50**

अंक

सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

प्रश्न-1- अनुच्छेद को पढ़कर एक वाक्य में सही उत्तर लिखिये- 2*5=10

एक दिन शिवादित्य बहुत मजबूर होकर अपने चाचा-चाची के पास मदद माँगने पहुँचा । उस दिन उसकी माँ को अचानक से तेज़ बुखार हो गया और उसके पिताजी नागपुर व्यापार के सिलसिले में गये हुए थे । शिवादित्य का घर चाचा-चाची के घर के ही पास है उसके चाचा-चाची बहुत सम्पन्न हैं ।उनके पास सुख-सुविधाओं की कोई कमी नहीं है ।शिवादित्य ने चाचा-चाची को माँ की बीमारी के बारे में बताते हुये उनसे सहायता माँगी।चाचा ने कुछ रुपए देते हुर कहा,"जाओ इन पैसों से अपनी माँ का इलाज करवा लो।" चाची मुँह बनाते हुए बोलीं," रुपए लौटाने की कोई जल्दी नही है ;जब पिताजी आ जाएँ तब लौटा देना । वैसे भी हम हर महीने दान तो देते ही हैं ।" चाचा-चाची के घर काम करने वाला माली यह सब सुनकर शिवादित्य के घर पहुँचा।वह डॉक्टर को बुला लाया और बाज़ार से खाना और डॉक्टर द्वारा बताई दवाइयाँ भी लेकर आया ।

प्रश्न-i- क्या माली ने शिवादित्य के प्रति सच्ची सहानुभूति का प्रदर्शन किया ?

प्रश्न-ii- क्या चाचा-चाची ने सच्ची सहानुभूति दिखाई ? हाँ या नहीं का स्पष्टीकरण दीजिये ।

प्रश्न-iii- शिवादित्य के पिताजी कहाँ और क्यों गये थे ?

प्रश्न-iv- चाची मुँह बनाते हुए बोलीं," रुपए लौटाने की कोई जल्दी नही है ।" चाची ने ऐसा क्यों कहा ?

प्रश्न-v- प्रस्तुत अनुच्छेद में किस प्रकार की सहानुभूति के बारे बताया गया ?

प्रश्न-2- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये- 1*5=5

i- गुरुदत्त---------------- विद्यार्थी थे ।

ii- चुगली के कारण ----------------- खराब होते हैं।

iii- मार्ग खोजने के लिये वह सिर्फ अपने ------------ पर निर्भर था ।

iv- श्रीकृष्ण के परम मित्र का नाम ---------------- था।

v- श्रीराम को--------------कहकर सम्बोधित किया जाता था ।

प्रश्न-3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही या गलत में दीजिये- **1*5=5**

i- गुरुदत्त विद्यार्थी सोकरेट्स के समकालीन थे ।

ii- अखबार काकी के पास पूरे मोहल्ले की खबर रहती थी।

iii- व्यापारी ने शहर तक पहुँचने के लिये सही मार्ग चुना था।

iv- रंजना,चिन्नम्मा और नताशा सहपाठी नही थे ।

v- माता सीता ने श्रीराम को आर्य कहकर सम्बोधित किया।

प्रश्न-4- निम्नलिखित अतिलघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये- **1*5=5**

i- ' सत्यार्थ प्रकाश' किसकी पुस्तक का नाम है ?

ii- 'सिम्पैथी' किसकी कविता है ?

iii- पाठ- 'कौन है सुदामा' में सुदामा किसे कहकर सम्बोधित किया गया है ?

iv- सोकरेट्स कौन हैं ?

v- गुरुदत्त विद्यार्थी किसके समकालीन थे ? ?

प्रश्न-5 निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये- (कोई तीन) **3*3=9**

i- आचमन मंत्र लिखिये ।

ii- क्या आप चुगली करते या सुनते है??यदि हाँ तो आप ऐसा क्यों करते है?यदि नही तो क्यों ?

iii- आर्य समाज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

iv- आर्य समाज की स्थापना कब और कहाँ हुई थी ?

प्रश्न-6- दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये- (कोई चार) **4*4=16**

i- 'जब घर में सुदामा आये हों तो श्रीकृष्ण बनने का अवसर नही छोड़ना चाहिये ।' इस पंक्ति का क्या अभिप्राय है ?

ii- ईमान और अखंडता का अर्थ बताइये ।

iii- आर्य समाज के पाँच नियम लिखिये ।

iv- गायत्री मंत्र लिखकर उसका अर्थ लिखिये ।

v- 'शांति पाठ' लिखिये ।